वैज्ञानिक तथा औध्योगिक अनुसन्धान परिषद
अनुसन्धान भवन, 2, रफी मार्ग,नई दिल्ली-01

सं: 6-9(266)/2014 ई-III

दिनांक: 10.05.2018

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: 'स्वच्छता पखवाडा-2018' के तहत परिषद् मुख्यालय एवं इसकी इकाईयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन संबंधी**

परिषद मुख्यालय तथा इसकी इकाईयों में दिनांक 01 से 15 मई, 2018 तक मनाये जा रहे **'स्वच्छता पखवाडे'** के अंतर्गत दिनांक 11.05.2018 तथा दिनांक 13 से 15 मई, 2018 को निम्नलिखित प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा :

| क्र.सं. | प्रतियोगिता/कार्यक्रम के नाम | दिनांक | स्थान और समय |
|---|---|---|---|
| 1. | 'Waste is Wealth' विषय पर व्याख्यान (डॉ. ए.एन. वैद्य, मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर-नीरी के द्वारा) | 11.05.2018 | एसएसबी सभागार, परिषद मुख्यालय अपराहन 03.00 से 4.00 बजे तक |
| 2. | **प्रदर्शनी** | 13.05.2018 | एसएसबी सभागार, परिषद मुख्यालय के आगे के स्थान पर |
| 3. | **निबंध प्रतियोगिता** विषय: जीवन में स्वच्छता का महत्व | 14.05.2018 | सम्मलेन कक्ष संख्या 101, परिषद मुख्यालय प्रातः 11.00 से 12.30 बजे तक |
| 4. | **पुरस्कार वितरण तथा स्वच्छता पखवाड़ा का समापन समारोह** | 15.05.2018 | एसएसबी सभागार, परिषद मुख्यालय में अपराहन 4.00 बजे से |

निबंध प्रतियोगिता, जिसमे सीएसआईआर- एचआरडीजी तथा एचआरडीसी, ग़ाज़ियाबाद के स्टाफ सदस्य भी भाग ले सकते हैं, के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं को क्रमशः रु. 2000/-(रु. दो हज़ार मात्र ); रु.1500/- (रु. पंद्रह सौ मात्र) तथा रु. 1000/- (रु. एक हज़ार मात्र) की पुरस्कार राशि तथा सम्मान पत्र से सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभागियों की संख्या पाँच से ज्यादा होने पर एवं समिति द्वारा सुझाए जाने पर रु. 500/- (रु. पांच सौ मात्र ) का एक सान्त्वना पुरस्कार भी दिया जायेगा।

अतः परिषद मुख्यालय/आईपी निदेशालय/विज्ञान केंद्र/ एमबीएसए/रैब/एचआरडीजी/एमबीजीएच/एचआरडीसी, ग़ाज़ियाबाद में कार्यरत सभी कर्मचारियों/अधिकारियों से अनुरोध है कि वे निबंध प्रतियोगितों में बढ़-चढ़ भाग लेने के लिए अपना नामांकन केंद्रीय कार्यालय (प्रशासन) को भेजे तथा व्याख्यान/प्रदर्शनी/समापन समारोह में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहें।

(एस.के.यादव)
अनुभाग अधिकारी

**प्रतिलिपि:**

1. परिषद मुख्यालय/आईपी निदेशालय/विज्ञान केंद्र/ एमबीएसए/रैब/एचआरडीजी/एमबीजीएच/एचआरडीसी, ग़ाज़ियाबाद के सभी प्रभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष ; इस अनुरोध के साथ कि वे इस कार्यालय ज्ञापन की विषय-वस्तु को अनुपालनार्थ अपने अधीनस्थ स्टाफ के जानकारी में लाने की कृपा करें ।
2. सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग - इस अनुरोध के साथ कि वे इस कार्यालय ज्ञापन को सीएसआईआर के वेबसाइट पर प्रदर्शित करने की कृपा करें।
3. श्री डी.के. जिन्दल, कार्यकारी अभियंता; आवश्यक कार्रवाही हेतु
4. श्री प्रसन्ना कुमार, सहायक कार्यकारी अभियंता; आवश्यक कार्रवाही हेतु
5. सभी सूचना पट्ट